RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 25 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 213 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र के लोगों के लिए खुशखबरी!

## म्हाडा के 11 हजार घरों की घटेंगी कीमतें, आवास मंत्री ने की घोषणा

**मुंबई :** हर किसी का सपना होता है कि उसका अपना घर हो जिसे वो सजाकर और सुंदर बनाकर बनाकर रखे. लेकिन आज जमीन और घर की कीमतें आसमान आसमान छूती नजर आ रही है. यही वजह है कि हर किसी को अपने सपनों का घर नहीं मिलता. लेकिन, अब आपका सपना म्हाडा पूरा करने जा रही है. आवास मंत्री अतुल सावे ने जानकारी दी है कि अब म्हाडा के घरों की कीमतें कम हो जाएंगी. म्हाडा लॉटरी में कई दिनों से पड़े मकानों के दाम कम होने वाले हैं. मंत्री सावे ने यह भी जानकारी दी है कि वह बिक्री के अभाव में पड़े मकानों की कीमतों की समीक्षा करने के बाद निर्णय लेंगे. आवास मंत्री अतुल सावे ने कहा है कि म्हाडा लॉटरी में कई दिनों से पड़े मकानों की कीमतें घटेंगी. खास बात यह है कि अतुल सावे ने स्पष्ट किया है कि म्हाडा लॉटरी में पड़े मकानों की कीमतें इस समय कम हो जाएंगी. इस समय मंत्री अतुल सावे




ने कहा कि वे बिक्री के अभाव में पड़े मकानों की कीमतों की समीक्षा करेंगे और इन मकानों की कीमतें कम कर उन्हें दोबारा बेचेंगे. म्हाडा के करीब 11 हजार घरों की कीमतें घटने वाली हैं. मंत्री सावे ने यह भी कहा है कि यह फैसला म्हाडा की ओर से लिया गया है क्योंकि संबंधित घरों के बिजली बिल और पानी की आपूर्ति का भुगतान करना होगा. म्हाडा संबंधित घरों के बिजली बिल, पानी सप्लाई में काफी पैसा खर्च करती है. आवास मंत्री ने कहा कि ऐसे 11,000 घरों को कम कीमत पर दोबारा बेचा जाएगा और घाटे से बचकर राजस्व बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है.

# शरद पवार देंगे अजित पवार गुट को झटका!

### दाखिल हलफनामे का मुद्दा उठाएंगे

**मुंबई,** एनसीपी पार्टी और सिंबल को लेकर आज चुनाव आयोग में सुनवाई होगी. सुनवाई से पहले बताया जा रहा है कि शरद पवार गुट ने अजित पवार गुट को घेरने की रणनीति बनाई है. सुनवाई के दौरान शरद पवार गुट एक बार फिर अजित पवार खेमे के हलफनामे का मुद्दा उठाएगा.साथ ही अगर गलत हलफनामा दाखिल किया गया तो शरद पवार गुट पहले उन पर सुनवाई की भी मांग करेगा.





बताया जा रहा है कि आज की सुनवाई में शरद पवार गुट एक बार फिर अजित पवार गुट की ओर से दाखिल हलफनामे का मुद्दा उठाएगा. अगर चुनाव आयोग में गलत हलफनामा दाखिल किया गया है तो शरद पवार गुट पहले उस मुद्दे पर सुनवाई की मांग करेगा. जानकारी है कि झूठा हलफनामा दायर करना धारा 340 के तहत अपराध है और इसे आयोग के संज्ञान में लाया जाएगा. सूत्रों ने जानकारी दी है कि यदि आयोग को झूठा हलफनामा प्रस्तुत करना पाया जाता है, तो उसे मुख्य साक्ष्य को अलग करने और झूठा हलफनामा जमा करने के मुद्दे पर प्रारंभिक सुनवाई करने का अधिकार है.

**दो गुटों में बंट चुकी है एनसीपी?**

एनसीपी में अंदरूनी फूट के बाद शिवसेना की तरह यहां भी दो गुट देखने को मिले. एक है शरद पवार ग्रुप और दूसरा है अजित पवार का खेमा. दोनों गुटों की ओर से वार-पलटवार किये जा रहे हैं. इस तरह एनसीपी के अस्तित्व की लड़ाई फिलहाल चुनाव आयोग के पाले में है. चुनाव आयोग में आज सुनवाई होगी. सुनवाई में कहा जा रहा है कि शरद पवार गुट अजित पवार गुट को पूरी तरह से घेरने की तैयारी में है. बता दें, अजित पवार शरद पवार का साथ छोड़कर बीजेपी और शिवसेना के साथ चले गए हैं.

## बुलढाणा में बच्ची से दुष्कर्म; नाबालिग हिरासत में

**मुंबई :** महाराष्ट्र के बुलढाणा के एक गांव में एक नाबालिग लड़के ने ढाई वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक



अधिकारी ने बताया कि बोराखेड़ी पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले तरवाड़ी गांव में बृहस्पतिवार दोपहर हुई इस घटना को लेकर 17 वर्षीय लड़के को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अधिकारी ने बताया कि बच्ची अपनी दादी के साथ घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोस में रहने वाला लड़का उसके पास आया और बच्ची को चिप्स तथा चॉकलेट दिलाने के लिए पास की दुकान पर ले जाने की इजाजत मांगी। दादी ने लड़के को बच्ची को अपने साथ ले जाने की अनुमति दे दी। लड़का रास्ते में बच्ची को एक सुनसान कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर भाग गया। उन्होंने बताया कि जब बच्ची शाम तक घर वापस नहीं पहुंची तो उसके परिजनों ने लड़के को मोबाइल फोन पर कॉल किया और बच्ची की तलाश में निकल पड़े। तभी परिजनों को एक स्वास्थ्य केंद्र से फोन आया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया है और वह एक कमरे में बेहोश मिली थी।

## मुंबई में शर्मनाक घटना: ड्रग्स खरीदने के लिए नहीं थे पैसे तो मां-बाप ने 2 बच्चों को बेचा, बहन ने पकड़वाया

**मुंबई,** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के बांद्रा इलाके से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां नशे के आदी माता-पिता ने अपने ही दो बच्चों का सौदा कर दिया। हालांकि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट-9 की टीम ने बच्चों को बेचने वाले माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों नशे के आदी थे और उनके पास ड्रग्स खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपने दो साल के बेटे और एक नवजात बेटी को बेच दिया।

**बहन ने किया बेनकाब**

पुलिस ने बताया कि आरोपी शब्बीर खान और उसकी पत्नी सानिया बांद्रा के भारतनगर इलाके में बहन (शब्बीर की) के घर पर रह रहे थे। दोनों नशे के आदी थे। इसलिए इसको लेकर घर में अक्सर झगड़ा होता था। जिसके चलते शब्बीर अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रहने लगा। चार-पांच साल तक ससुराल में रहने के बाद अक्टूबर में शब्बीर अपनी पत्नी के साथ फिर बांद्रा में अपनी बहन के पास रहने के लिए वापस आ गया।



दंपति को इन चार-पाँच वर्षों में दो बेटे और अक्टूबर में एक बेटी हुई। लेकिन जब वह बांद्रा बहन के घर आया तो उसके साथ केवल एक ही बेटा था। जब शब्बीर की बहन ने इस बारे में पूछा तो दोनों गोलमोल जवाब देने लगे। कुछ दिनों बाद जब बहन ने शब्बीर को बताये बिना सानिया से इसके बारे में पूछा तो उसने सब कुछ बता दिया।

**14 हजार में बेचीं नवजात बेटी**

मामला गंभीर होने के कारण शब्बीर की बहन ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-9 की टीम ने शब्बीर और सानिया दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि पति-पत्नी नशे के आदी हैं कि इसके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## 'गोपीनाथ मुंडे मुझे बेटा मानते थे, पंकजा मुंडे मेरी बहन, मैं उनको मुख्यमंत्री बनाऊंगा', किसने दिया बड़ा बयान?





**मुंबई\अमरावती:** महाराष्ट्र में फिलहाल मराठा आरक्षण को लेकर सियासत गरमाई हुई है। ऐसे में कभी-कभार बीजेपी की सहयोगी रहीं छोटी-बड़ी पार्टियां भी तरह-तरह की यात्राएं कर लोकसभा और विधानसभा में अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रही हैं। इसी के तहत राष्ट्रीय समाज पार्टी के नेता महादेव जानकर ने अमरावती जिले का दौरा किया। आरएसपी की जनस्वराज्य यात्रा के सिलसिले में अमरावती आए महादेव जानकर ने मीडिया से बातचीत करते हुए बड़ा बयान दयिा। जानकर ने कहा था कि अगर राष्ट्रीय समाज पार्टी के 145 विधायक जीतेंगे तो मैं भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे को मुख्यमंत्री बनाऊंगा। अमरावती के स्थानीय प्रेस हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महादेव जानकर ने कहा कि दिवंगत बीजेपी नेता गोपीनाथराव मुंडे मुझे अपना बेटा मानते थे। इस लिहाज से पंकजा मुंडे मेरी बहन हैं। उन्होंने ऐलान किया कि अगर हमारी पार्टी के 145 विधायक जीतेंगे तो मैं अपनी बहन को मुख्यमंत्री बनाऊंगा। महादेव जानकर ने अमरावती जिले में आज दरियापुर में कार्यकताओं से बातचीत की। इससे पहले उन्होंने अमरावती में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा क जब हम बीजेपी के सहयोगी थे तो हमसे भी कहा गया था कि पार्टी का बीजेपी में विलय कर दो।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## फिलहाल युद्धविराम...

इजरायल और हमास चार दिन के युद्धविराम पर सहमत करा लिए गए हैं। यह सहमति और मध्यस्थता मानवता के हित में है। युद्ध सिर्फ विध्वंस की भाषा ही जानते हैं। गाजा पट्टी की जंग वीभत्स हो गई थी। लेबनान के हिजबुल्लाह और यमन के हूती आतंकवादी भी युद्ध में कूद पड़े थे और इजरायल पर हवाई हमले कर रहे थे। लगातार 46 दिन के युद्ध और विनाश के बावजूद हमास अस्तित्वहीन नहीं हुआ था। युद्धविराम इसलिए भी अनिवार्य था, ताकि मासूम बंधकों को मुक्त कराया जा सके और गाजा में मानवीय मदद पहुंचाई जा सके। गाजा का ज्यादातर हिस्सा खंडहर बन चुका है। करीब 43,000 इमारतें और अन्य निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। 30 स्कूल बर्बाद कर दिए गए हैं और 20 अस्पताल बंद करने पड़े हैं। गाजा से 16 लाख से ज्यादा लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। मानवता के लिए यह किसी गंभीर त्रासदी से कम नहीं है। हमास आतंकियों ने भी करीब 8000 रॉकेट इजरायल के शहरों पर दागे हैं और सेना के टैंकों आदि को 'मलबा' बना दिया है। बेशक इजरायल की सेना ने हमास के कई अहम ठिकानों को 'मिट्टी' कर दिया है, करीब 150 सुरंगों का नेटवर्क भी तोड़ दिया है और कई कमांडरों को ढेर किया है, लेकिन दोनों पक्षों की तरफ 15,300 से अधिक मौतें भी हुई हैं। उन मानवीय चेहरों का क्या कसूर था? इस पूरे संदर्भ में कतर, अमरीका और मिस्र के निर्णायक प्रयासों का आभार है कि इजरायल-हमास के बीच 'फिलहाल अस्थायी युद्धविराम' संभव हो सका है। तुर्किए की कोशिशें भी सार्थक साबित हुई हैं। अब समझौते के मुताबिक, हमास कुल 238 बंधकों में से 50 बच्चों, माताओं, बुजुर्ग महिलाओं को मुक्त करेगा। उधर इजरायल अपनी जेलों में बंद 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

यह संख्या 300 तक भी जा सकती है, क्योंकि इजरायल कैबिनेट ने ऐसे 300 कैदियों की सूची बनाई है। यदि बंधक और कैदी ईमानदारी से छोड़े गए, तो युद्धविराम की अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। अंततः शांति के स्थिर और टिकाऊ समाधान तक पहुंचा जा सकता है। शांति का यह तो पहला कदम है। सवाल है कि क्या हमास जवाब देगा कि उसके आतंकियों ने बीती 7 अक्तूबर को इजरायल पर अचानक हमला क्यों किया था? क्या वह आतंकवादी हमला नहीं था? आतंकवाद की प्रतिक्रिया में इजरायल को अपनी संप्रभुता की रक्षा करने का क्या अधिकार नहीं है? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विश्व स्वास्थ्य संगठन इन सवालों का जवाब जरूर दें।

बेशक युद्धविराम बढ़ाया जा सकता है, लेकिन हमास ने जिन मासूमों का कत्लेआम किया था, उस बर्बर और दानवी अपराध की सजा क्या होगी? यदि यहीं बात समाप्त हो गई, तो हमास को एक और जीवनदान मिलेगा और उसके आतंकी एक सेना की तरह फिर लामबंद हो सकते हैं। तालिबान की तरह हमास भी किसी देश की हुकूमत तक पहुंच सकते हैं। तालिबान की तरह हमास भी चेहरा बदल कर 'संवैधानिक' और 'सियासी' होने का ढोंग, दुनिया के सामने, रच सकता है। मान्यता भी हासिल कर सकता है, लिहाजा आतंकवाद ही बुनियादी चुनौती है। जी-20 देशों के नेताओं को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद और उसकी गतिविधियों को 'अस्वीकार्य' माना है। यह युद्ध का दौर ही नहीं है। रूस-यूक्रेन को भी युद्धविराम की सहमति पर पहुंचाया जाना चाहिए, लेकिन यह प्रयास कौन करेगा?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मनपा द्वारा चलाए जा रहे डंपर का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल

## प्रदूषण ने लोगों की नाक में दम कर दिया

**मुंबई :** मुंबई में बीते कई सालों की अपेक्षा इस साल प्रदूषण ने लोगों की नाक में दम कर दिया है। आलम यह है कि खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक के कारण मुंबईकरों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहा है। इससे जनता से लेकर शासन और प्रशासन सभी चिंतित हैं। साथ ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इन सबके बीच मनपा द्वारा चलाए जा रहे एक कचरा डंपर का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हो रहा है, जिसमें से काला गाढ़ा धुआं निकलते हुए दिखाई दे रहा है, जो मुंबई में प्रदूषणरोधी मानदंडों की मखौल उड़ा रहा है। यह वीडियो वायरल होने के बाद नेटिजन्स की ओर से डंपर के फिटनेस समेत कई मुद्दों पर जमकर सवाल उठाए गए और मनपा प्रशासन के वायु प्रदूषण को रोकनेवाले उपायों की खिंचाई की गई। इससे जागे मनपा प्रशासन ने केवल माफी मांगते हुए बचने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश के कई इलाकों में हवा जहर बनी हुई है। इसी तरह मुंबई की आबोहवा में भी खासा सुधार होता नहीं दिखाई दे रहा है। ८० से २४९ के एक्यूआई के साथ शहर की वायु गुणवत्ता सुरक्षित, मध्यम से लेकर खराब श्रेणी में आंकी गई है। प्रदूषण को रोकने के लिए मनपा और घाती सरकार मिलकर कई तरह के उपायों को अमल में ला रहे हैं, जो नाकाफी साबित हो रही हैं। गुरुवार को भी मुंबई की हवा खराब रही और हालात में सुधार होता नहीं दिखा।



घटना का वीडियो वायरल होने के बाद वाहन की फिटनेस पर सवाल उठाते हुए लोगों ने नाराजगी जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। नेटिजन्स ने पूछे कि वीडियो में देखा जा सकता है कि कचरा डंपर गाढ़ा काला अत्यधिक प्रदूषक धुआं उत्सर्जित कर रहा है। क्या इसके पास मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, अद्यतन पीयूसी प्रमाण पत्र है? ये क्या बकवास है। तेज दौड़ रहा डंपर पीछे से खुला है, जिस कारण कचरा हवा में उड़ रहा है। इसके पिछले हिस्से को पूरी तरह से ढकने की जरूरत है। कुछ नेटिजन्स ने कहा कि मुझे पूरा २०० फीसदी यकीन है कि इस वाहन के पास पीयूसी प्रमाण पत्र भी नहीं होगा। ये डंपर से बाहर गिर रहे कचरे से न सिर्फ सड़कें गंदी हो रही है, बल्कि इस धुएं से हवा को भी प्रदूषित कर रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वे कटौती कर ईंधन टैंकों में मिट्टी का तेल मिला रहे होंगे। फिलहाल, मनपा को भी वीडियो पर प्रतिक्रिया देनी पड़ी।

## डीपफेक के बाद अब 'क्लियरफेक' के खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी



**मुंबई :** डिजिटल और इंटरनेट के इस दौर में साइबर अपराधों की संख्या दिनों- दिन बढ़ती जा रही है। काफी लोग इस सायबर अपराध के शिकार बन रहे हैं। इनमें डीपफेक काफी खतरनाक बनकर उभरा है, जिसकी शिकार मशहूर हस्तियां हो रही हैं। अब केंद्र सरकार भी इसके खिलाफ कदम उठाने की तैयारी में है। इन सबके बीच साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने 'क्लियरफेक' के खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, स्वैष्ठमर्स किसी व्यक्ति की तरह दिखने वाली तस्वीरें, वीडियो बनाने के लिए एआई के सहारे डीपफेक का उपयोग करते हैं। यह किसी व्यक्ति की तरह लगने वाला ऑडियो भी बना सकता है। इसी तरह, जब साइबर अपराधी किसी वेबसाइट की नकल करते हैं, तो इसे 'क्लियरफेक' कहा जाता है। हैकर्स किसी वेबसाइट की हू-बहू नकल करके वैसी ही दिखने वाली दूसरी वेबसाइट बना लेते हैं। इस वेबसाइट में प्रवेश करने के बाद, उपयोगकताओं को अपना ब्राउजर अपडेट करने के लिए कहा जाता है। चूंकि यह असली वेबसाइट की तरह दिखती है, इसलिए यूजर को पता नहीं चलता कि इसमें कोई धोखाधड़ी हो सकती है। इसलिए यूजर्स अपने ब्राउजर को अपडेट करने के लिए दिए गए विकल्प पर क्लिक करें। इस पर क्लिक करने के बाद यूजर के पीसी में एक अलग ब्राउजर इंस्टॉल हो जाता है। इसके जरिए कंप्यूटर में एटॉमिक मैकओएस स्टीलर मैलवेयर इंस्टॉल किया जाता है। यह मैलवेयर वास्तव में मैक कंप्यूटरों को लक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस वजह से यह साधारण सुरक्षा दीवारों को भी आसानी से बायपास कर सकता है। यह मैलवेयर कंप्यूटर से सभी संवेदनशील जानकारी चुरा सकता है। इतना ही नहीं, क्लियरफेक का इस्तेमाल लोगों के कंप्यूटर पर अन्य मैलवेयर और वायरस इंस्टॉल करने के लिए भी किया जाता है। इसके साथ ही इसका इस्तेमाल लोगों से पैसे ऐंठने के लिए भी किया जाता है।

## निमोनिया के बढ़ते खतरे, महामारी में बदल सकती है...

**मुंबई :** कोरोना का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। पिछले कई दिनों से कोरोनो के ट्रिपल अटैक का खतरा बार-बार जताया जा रहा है। अब वहीं दूसरी ओर एक और खतरा दुनिया में मंडरा रहा है। मालूम हो कि कोरोना के बाद अब चीन में पेष्ठफड़ों की एक नई बीमारी ने हाहाकार मचाया है। इसे रहस्यमयी निमोनिया कहा जा रहा है। ये बीमारी बच्चों पर अटैक कर रही है। इसकी वजह से बच्चों को सांस से जुड़ी परेशानियां हो रही हैं। अस्पताल बच्चों से भरे पड़े हैं। इस बीमारी ने जिस तरह के हालात चीन में पैदा कर दिए हैं, उससे एक बार फिर से लोगों को कोरोना महामारी का दौर याद आ गया है। ओपन-एक्सेस सर्विलांस प्लेटफॉर्म प्रोमेड ने चीन में पैष्ठल रहे इस निमोनिया पर कहा है कि खासतौर से बच्चों



को प्रभावित करनेवाली ये बीमारी एक महामारी में भी बदल सकती है। दिसंबर २०१९ के अंत में जारी एक प्रोमेड अलर्ट ने एक नए वायरस के बारे में एक चेतावनी दी थी। निमोनिया के बढ़ते खतरे पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि सांस की इस बीमारी के जोखिम को कम करने के लिए लोग दिशा-निदेर्शों का पालन करें। साथ ही डब्ल्यूएचओ ने बच्चों में निमोनिया के क्लस्टर पर विस्तृत जानकारी के लिए चीन से ज्यादा जानकारी देने के लिए आधिकारिक अनुरोध किया है।

## धारावी पुनर्विकास योजना के खिलाफ 26 नवंबर को मुंबई कांग्रेस का मोर्चा

**मुंबई :** धारावी पुनर्विकास परियोजना का विरोध करने के लिए मुंबई कांग्रेस रविवार 26 नवंबर को एक मोर्चा निकालेगी। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड इसका नेतृत्व करेंगी। मोर्चे में कांग्रेस के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि धारावी विकास परियोजना में 40 प्रतिशत टीडीआर के बड़े



घोटाले के खिलाफ मोर्चा निकाला जाएगा और उद्योगपति गौतम अडानी को धारावी परियोजना उपहार में देने की कुटिल चाल का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम रविवार को धारावी में आयोजित विरोध मोर्चा से धारावी के लोगों का आक्रोश दर्शाना चाहते है। सरकार को जनता के गुस्से पर गौर करना होगा और परियोजना को वापस लेना चाहिए। गायकवाड ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार मूल धारावीकरों को विस्थापित करने की कोशिश कर रही है।




# बीएमसी करोड़ों रुपये खर्च कर चला रही अस्पताल, लेकिन जनता को नहीं मिल रहा लाभ

**मुंबई:** एशिया के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक माना जाने वाला मुंबई का सेवन हिल्स हॉस्पिटल सवालों के घेरे में है. यह प्राइवेट अस्पताल दिवालिया हो चुका है. बीएमसी हर महीने करोड़ों रुपये खर्च करके इसे चला रही है लेकिन आरोप है कि जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. एक शख्स ने आरोप लगाया है कि पैसे भराने के चक्कर में अस्पताल की ओर से इलाज में देरी किए जाने की वजह से उसकी बेटी की जान चली गई. उसने कहा कि वह इसे बीएमसी का अस्पताल समझकर बेटी को इलाज के लिए ले गया था. कई स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल उनकी जमीन पर बना है लेकिन उसमें इलाज के लिए जाने से डर लगता है क्योंकि पहले डिपॉजिट भराया जाता है. उनका कहना है कि अस्पताल पास में है लेकिन वे इलाज के लिए दूसरे सरकारी अस्पताल का रुख करते हैं.



**मुंबई महानगरपालिका अपने खर्चे पर चला रही ये अस्पताल**

सेवन हिल्स हॉस्पिटल मुंबई मरोल इलाके में बना है. करीब 1,500 बेड वाला यह अस्पताल किसी फाइव स्टार होटल की तरह दिखता है. यह तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस है. आरोप है कि बीएमसी अपने पैसे से यह अस्पताल चला रही है लेकिन जनता का इलाज इसमें सस्ते में या फ्री में नहीं हो रहा है. इस अस्पताल के पीड़ित और इलाके में रहने वाले स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल का रवैया और दाम प्राइवेट वाले हैं.

**19 वर्षीय बेटी को खोने वाले पिता ने बयां की आपबीती**

मुंबई में ऑटो रिक्शा चलाकर गुजारा करने वाले देवीदास मोरे ने अपनी आपबीती साझा की. उन्होंने कहा कि बीते अप्रैल में उन्होंने अपनी 19 साल की बेटी साक्षी मोरे को खो दिया. देवीदास ने कहा कि उन्हें पता था कि इस अस्पताल में बीएमसी वाले अस्पताल की सुविधा मिलती है और उनकी बेटी का इलाज फ्री में या सस्ते में हो सकता है. उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज शुरू करने से पहले ही अस्पताल ने उनसे भारी भरकम फीस जमा करने के लिए कहा. देवीदास के मुताबिक, उन्होंने आधे पैसे भरे भी लेकिन पूरे पैसे नहीं होने की वजह से उनकी बेटी का इलाज समय पर शुरू करने में अस्पताल ने देरी की और उनकी बेटी की जान चली गई.

देवीदास ने कहा, ''रात को 11 बजे मेरी बेटी को फिट आया. मैं सेवन हिल्स हॉस्पिटल गया. मैं बीएमसी का फॉर्म भरकर उसे बीएमसी वार्ड में भर्ती कराना चाहता था. बाद में अस्पताल ने मुझसे कहा कि 20 हजार रुपये भरना पड़ेगा. मेरे पास 10 हजार रुपये थे. डॉक्टर बोले कि इसे अर्जेंट आईसीयू में भर्ती करना पड़ेगा. मैंने पूछा कि बीएमसी के अस्पताल में भर्ती करने के लिए पैसा लगता है क्या? मैं बेटी को लेकर घर चला गया.'' देवीदास ने बताया, ''लेकिन सुबह बेटी को फिर मुझे अस्पताल लाना पड़ा और उन्होंने 10 हजार रुपये में ही मेरी बेटी को एडमिट किया लेकिन एक दिन पहले ही अगर अस्पताल उसे भर्ती कर लेता तो मेरी बेटी बच जाती.

## CBI नहीं दे रही चार्जशीट से जुड़े दस्तावेज–सिसोदिया

**नई दिल्ली :** आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत के समक्ष सीबीआई ने कहा कि आरोपितों की ओर से इस मामले की कार्यवाही को आगे बढ़ाने में जानबूझकर देरी की जा रही है। वहीं, सिसोदिया के अधिवक्ता ने कहा कि सुनवाई में देरी की वजह खुद सीबीआई है, क्योंकि वह अपनी जांच व आरोपपत्र से संबंधित दस्तावेजों को कॉपी उन्हें देने में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक आरोपपत्र से संबंधित पूरे दस्तावेज सीबीआई ने उन्हें नहीं उपलब्ध कराए हैं। ऐसे में वह अपने मुवक्किल का पक्ष रखने के लिए तैयार कैसे हो सकते हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी, इमेल करके बिटकॉइन में मांगे एक मिलियन डॉलर



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ये धमकी गुरुवार (23 नवंबर) को ईमेल की जरिए दी गई जिसमें 10 लाख डॉलर 48 घंटे के अंदर बिटकॉइन में देने की मांग की गई. मामले पर मुंबई पुलिस ने कहा, ''सहार पुलिस ने ईमेल आईडी-०४ॅ२१इ्ड्ड'@'ड्ड का उपयोग करके धमकी भरा मेल भेजने के लिए एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है.''

ुलिस के मुताबिक, ये ईमेल गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के फीडबैक इनबॉक्स पर भेजा गया था.

**क्या लिखा था ईमेल में?**

धमकी भरे ईमेल में लिखा था, ''विषय- ब्लास्ट. ये आपके हवाई अड्डे के लिए आखिरी चेतावनी है. अगर बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर पते पर ट्रांसफर नहीं किए गए तो हम 48 घंटों के अंदर टर्मिनल-2 को विस्फोट करके उड़ा देंगे. एक और अलर्ट 24 घंटे बाद आएगा.'' फिलहाल पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 385 (जबरन वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को चोट लगने का डर रखना) और 505 (1) (बी) (जनता में डर पैदा करने या सार्वजनिक शांति के खिलाफ भय पैदा करने के इरादे से दिए गए बयान) के तहत अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

**पुलिस ने पता लगाया आईपी एड्रेस**

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट और उसके आसपास के इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही ये धमकी भरा ईमेल जिस आईपी एड्रेस से भेजा गया है पुलिस ने उसका पता लगा लिया है. अब पुलिस धमकी भरे ईमेल को भेजने वाले शख्स की पहचान करने में जुट गई है. बता दें कि इससे पहले भी मुंबई पुलिस को कई धमके भरे कॉल आ चुके हैं.

## बॉडी बैग खरीद घोटाले में मुंबई की पूर्व महापौर ईडी के सामने हुई पेश, कई घंटे हुई पूछताछ

**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव गुट ) की नेता और मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर गुरुवार को कोरोना महामारी के दौरान हुए बाडी बैग खरीद घोटाला मामले में ईडी के समक्ष पेश हुईं। अधिकारियों के अनुसार, वह दोपहर 12 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय आईं। उनसे कई घंटे पूछताछ हुई।

**ईडी पेडनेकर से पूछताछ करना चाहती थी**

अधिकारी ने कहा कि ईडी नगर निगम में महामारी के दौरान शवों को रखने के लिये इस्तेमाल बैग (बॉडी बैग) की खरीद में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी पेडनेकर से पूछताछ करना चाहती थी। भाजपा नेता किरीट सोमैया की शिकायत के आधार पर मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पेडनेकर और बृहन्मुंबई महानगर पालिका के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सोमैया ने बाडी बैग की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाया था। अधिकारी ने बताया कि ईडी की जांच ईओडब्ल्यू की प्राथमिकी पर आधारित है। ऑक्सीजन प्लांट घोटाले में एफआइआर मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कोरोना महामारी के दौरान अस्पतालों में आक्सीजन संयंत्र स्थापित करने में धोखाधड़ी के संबंध में एक ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। जांच में पाया गया है कि बृहन्मुंबई नगर निगम को आक्सीजन संयंत्रों से जुड़े अनुबंध से छह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।



वहीं, ईओडब्ल्यू ने कोराना महामारी के दौरान खिचड़ी वितरण में हुए घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए शिव सेना (उद्धव गुट) के नेता अमोल कीर्तिकर और युवा सेना के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को तलब किया है।

**जी-20 का घोषणापत्र है ऐतिहासिक : धनखड़**


उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी रुख को विश्व कल्याण के लिए जी-20 नेताओं के घोषणापत्र पर आम सहमति कायम करने का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि जी-20 के नेताओं का घोषणापत्र सिर्फ एक दस्तावेज ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक घोषणापत्र है।

**ग्लोबल आर्डर को किस तरह से बनाएंगे**

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि इससे जाहिर होता है कि भविष्य में सभी देश एक कानूनी सत्ता के तहत कैसे काम करेंगे और ग्लोबल आर्डर को किस तरह से बनाएंगे। यह दस्तावेज उत्तर-दक्षिण विभाजन और पूर्व-पश्चिम के ध्रुवीकरण से उबरने में भारत की भूमिका का वैश्विक अनुमोदन करता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने इस दिशा में कड़ा परिश्रम किया और अपनी दूरदृष्टि से घोषणापत्र को एक स्वरूप प्रदान किया।

## दिवाली त्योहार के बाद शहर से निकला पटाखों का 45 टन कचरा...

**भायंदर :** भायंदर प्रदूषण मुक्त दिवाली का त्योहार मनाना है, शहर की हवा खराब हैं, कोर्ट की सख्त हिदायत मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त / प्रशासक संजय काटकर का आवाहन पर अफसोस शायद नागरिकों का सहयोग पूर्ण रूप से नहीं मिलने के कारण सब वही ढाक के तीन पात साबित हुए, नतीजन प्रकाश का त्यौहार दिवाली के पांच दिनों में सिर्फ 45.4 टन बारूद मिश्रित पटाखों का कचरा मनपा ने शहर से जमा किया। गौरतलब है



कि शहर की हवा पिछले कुछ दिनों से वायु प्रदूषण के कारण प्रभावित हुई है, इसलिए मीरा-भायंदर मनपा ने प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए शहर के नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया था। प्रशासन ने पटाखे फोड़ने के लिए न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा का अनुपालन करने के

लिए सख्त आदेश भी जारी किया था, इसके बावजूद भी शायद नागरिकों को पटाखे सेहत से महत्वपूर्ण लगे। खैर मनपा उपायुक्त रवि पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि चूंकि पटाखों के कचरे में बारूद होता है , अतः तीव्र गर्मी के कारण आग भी लगने की पूरी सम्भावना बनी रहती है।




# शिंदे के पोस्टर पर 'हिंदू हृदय सम्राट' लिखे जाने पर भड़का ठाकरे गुट...

## कहा- दुनिया में एक ही 'हिन्दू हृदय सम्राट'!




**मुंबई:** महाराष्ट्र में सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है. एक मामला ठंठा नहीं होता कि दूसरा शुरू हो जाता है. अभी पार्टी को लेकर चिन्ह का मामला शांत नहीं हुआ कि एक और मामला गरम हो गया है. आपको बतादें कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बीजेपी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राजस्थान के दौरे पर गए थे. इस अवसर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। लेकिन ठाकरे गुट ने बीजेपी उम्मीदवार के प्रचार पोस्टर में एकनाथ शिंदे को 'हिंदू हृदय सम्राट' बताए जाने की आलोचना की है. ''पार्टी चुराई, नाम चुराया, बाप को चुराने की कोशिश की... अब ये भी? कितनी बेशर्मी? दुनिया में एक ही 'हिन्दू हृदय सम्राट' हैं...पूज्य हिन्दू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे! कोई नहीं था'' उसके पहले कोई नहीं, और उसके बाद कोई नहीं हो सकता! नहीं, सबका हिसाब लिया जाएगा!'' ऐसे शब्दों में एकनाथ शिंदे ग्रुप की खबर ठाकरे ग्रुप से ली गई है. शिंदे राजस्थान के हवामहल विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी बालमुकुंदाचार्य महाराज के लिए प्रचार करने गए थे. इस मौके पर शास्त्री नगर इलाके से बीजेपी कार्यालय तक एक विशाल वाहन रैली निकाली गई.

# अजित पवार गुट की एनसीपी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग से सुप्रिया सुले हैरान...





**महाराष्ट्र** की राजनीति में इन दिनों खींचतान जारी है। इस बीच एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने अजित पवार गुट के खिलाफ निशाना साधा है। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि अजित गुट के नेताओं ने हमारे सांसद श्रीनिवास पाटिल, मोहम्मद फैजल, फौजिया खान और वंदना चव्हाण को अयोग्य घोषित करने की मांग क्यों की। हमारे यह सांसद तो बेहतर काम कर रहे हैं। बता दें, पाटिल (सतारा), फैजल (लक्षदीप) से सांसद हैं। वहीं, खान और चव्हाण राज्यसभा से सांसद हैं। बता दें, अजित गुट के नेताओं ने सांसदों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में पार्टी संस्थापक शरद पवार (राज्यसभा), सुप्रिया सुले (बारामती), और अमोल कोल्हे (शिरूर) का नाम शामिल नहीं है।

### उपराष्ट्रपति ने की मांग

**सुप्रिया ने आगे कहा कि फौजिया और वंदना के कामों की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यसभा के सभापति ने भी सराहना की है। हमने तो प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। क्योंकि उन्होंने मणिपुर मुद्दे पर लाए गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाजपा के पक्ष में मतदान किया। बता दें, पटेल राज्यसभा सांसद हैं। वहीं, तटकरे रायगढ़ के सासंद हैं।**

### सुले ने अपने सांसदों का लिया पक्ष


**सुले ने कहा कि पाटिल 83 साल के हैं। सतारा से सांसद हैं। वे अपने काम में बेहद कुशल हैं। सतारा ही नहीं पूरा प्रदेश जानता है कि वह कितना अच्छा काम करते हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग, तो कुछ नया ही है, जो मैं देख रही हूं। मुढे समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर उन्होंने ऐसा किया क्या, जो उनपर कार्रवाई की मांग हो रही है। मुझे भी नहीं पता कि उन्हें पीड़ित क्यों बनाया गया। सुले ने आगे कहा कि फैजल लक्षदीप के सांसद हैं। युवाओं का प्रतिनिधि हैं। वे कुछ नया करना चाहते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग समझ नहीं आ रहा।**

# बिल्डर के ऑफिस से लाखों रुपए चोरी



**वसई :** माणिकपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत अज्ञात चोरों ने एक बिल्डर के कार्यालय से लाखों रुपए नगदी चोरी कर फरार होने की घटना सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर कलम 457, 380, 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, धर्मिल महेंद्रा शाह ( 39 ), व्यवसाय- बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, अंबाड़ी रोड, साईं नगर, वसई पश्चिम में निवासी है। बताया गया है कि केटी बिल्डर्स तीसरा महला, केटी एम्पायर वसई स्टेशन रोड, वसई पश्चिम में है। उपरोक्त बंद ऑफिस के पीछे के गेट को अज्ञात चोर ने किसी तरह से तोड़ कर ऑफिस में प्रवेश किया और ऑफिस से चांदी के सिक्के, चांदी के ग्लास व नगदी के आदि चोरी कर फरार हो गए।

# नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज



**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत अलग- अलग दो घटनाओं में मासूम बच्चियों से छेड़छाड़ करने की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ित मासूम बच्चियों के परिवार वाले तुलिंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाया है। नालासोपारा पूर्व में रहने वाली 7 वर्षीय बच्ची सुबह 6 बजे के आसपास अपने घर से पास की दुकान पर जा रही थी। तभी एक अज्ञात युवक बच्ची को जबरन पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। बच्ची ने चिल्लाने लगी तो वह अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग गया। इसी तरह से एक 9 वर्षीय बच्ची 15 नवंबर 2023 को रात 9 बजे के आसपास सामान लाने के लिए नजदीक की दुकान पर गयी थी। जब वह दुकान से वापस लौट रही थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची को जबरन पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा।

# मुंबई की दूसरी प्रमुख लाइफ लाइन बेस्ट की व्यवस्था बद से बदतर...



मुंबई, लोकल ट्रेनों के बाद मुंबई की दूसरी प्रमुख लाइफ लाइन के रूप में जानी जानेवाली बेस्ट कल तक ही 'बेस्ट' थी, अब वह कबाड़ हो चुकी है। हालत यह है कि खराब मेनटेनेंस के कारण कल महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन के सामने वर्ली की ओर जाने वाली बेस्ट बस नंबर १५४ के ड्राइवर की तरफ वाला पहिया टूटकर बस से अलग हो गया। यह घटना साफ दशार्ती है की बेस्ट द्वारा बसों के रखरखाव की व्यवस्था बद से बदतर हालत में पहुंच चुकी है। इस घटना में यात्रा कर रहे यात्री घायल तो नहीं हुए, लेकिन यह बेस्ट की सुरक्षित यात्रा पर प्रश्नचिह्न जरूर लगाता है।

गौरतलब है कि मुंबई मनपा का कार्यकाल कब का खत्म हो चुका है और इस समय वहां कोई जनप्रतिनिधि नहीं है। उनका कार्यकाल मार्च २०२२ में ही खत्म हो चुका है, पर हार के डर से भाजपा की सरकार चुनाव ही नहीं करवा रही है। यही कारण है कि मनपा में जनता की आवाज उठानेवाला कोई प्रतिनिधि नहीं है और सरकार प्रशासक के माध्यम से अपना मनमाना कारोबार चला रही है। पिछले करीब २१ महीने से जनप्रतिनिधियों के अभाव में मनपा बेलगाम-सी हो गई है। ऐसे में लापरवाही काफी बढ़ गई है, जिससे ऐसी दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ गया है। जानकार बताते हैं कि इन दिनों बेस्ट अपनी सवारियों के लिए बस में सुरक्षित यात्रा और बसों की उचित संख्या बनाए रखने में असफल है। बहरहाल, इन दिनों बेस्ट की स्थिति बहुत दयनीय चल रही है, बसों की दिन-प्रतिदिन घटती संख्या व इसका मेनटेनेंस चिंता का विषय है। नतीजतन, कई बसें समय पर उपलब्ध नहीं रहतीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यात्रा करने वाले यात्रियों का बेस्ट के प्रति एक अटूट विश्वास है, लेकिन बेस्ट द्वारा बदले में अपने यात्रियों को खराब और बेकार व्यवस्था व सेवा प्रदान की जा रही है।

# खसरे के टीके से 11 लाख बच्चों का वंचित...



**मुंबई :** पिछले साल खसरे के पहले और महत्वपूर्ण टीके से ११ लाख बच्चों का वंचित रहना है। इसका खुलासा विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की एक रिपोर्ट में हुआ है। उल्लेखनीय है कि खसरे के टीके की दो खुराक जीवनभर के लिए ९७ फीसदी सुरक्षा प्रदान करती हैं। एक खुराक से सुरक्षा कमजोर होने की संभावना है। इस बीमारी में अमूमन तेज बुखार, खांसी, नाक बहना और लाल चकत्ते होते हैं। हालांकि, गंभीर लक्षण जैसे दिमाग पर सूजन, निमोनिया और सांस लेने में समस्या और गंभीर दस्त जैसी जटिलताएं जानलेवा साबित हो सकती हैं। जानकारी के अनुसार, रिपोर्ट में हिंदुस्थान को उन १० देशों में शामिल किया गया है, जहां ऐसे बच्चों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्हें पहला टीका नहीं मिला है। इतना ही नहीं हिंदुस्थान उन ३७ देशों में भी शामिल है, जहां इस बीमारी का बड़ा प्रकोप देखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, साल २०२२ में देशभर में खसरे के ४०,९६७ मामले दर्ज हुए थे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर कोविड महामारी के दौरान खसरा टीकाकरण २००८ के बाद से सबसे निचले स्तर पर गिर गया, जिससे २०२२ में मामलों में १८ फीसदी और मौतों में ४३ फीसदी की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर ३३ मिलियन बच्चे या तो दोनों खुराक या दूसरी खुराक लेने से चूक गए। मुख्य रूप से पांच राज्यों बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में खसरे के मामलों में वृद्धि हुई। साल २०२२ में महाराष्ट्र में खसरे से १३ मौतें हुई थीं।

# नवी मुंबई के नेरुल में भीषण सड़क हादसा, कार की ट्रक से टक्कर में 3 लोगों की मौत!



**मुंबई :** मुंबई से सटे नवी मुंबई के नेरूल में बीती रात कार की ट्रक से टक्कर हो जाने से करीब तीन लोगों की मौत हुई है.

हादसे के बाद की तस्वीर भी सामने आई है. वीडियो में देखा जा सकता है कि बीच सड़क पर ट्रक से कार की टक्कर होने के बाद छतिग्रस्त हो गई. जिसके बाद सड़क पर ट्रैफिक जाम हो गया है. हादसे को के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच पड़ताल में जूट गई है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८9 ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com